श्री सुरेश कुमार शर्मा, हिन्दी अधिकारी, रा0 रा0 क्षेत्र,दिल्ली सरकार, भाषा विभाग, सी–विंग,सातवां तल, आई0पी0 एस्टेट, दिल्ली सचिवालय,नई दिल्ली–2 के पत्र सं0– फा. सं0 05(01)/2012–13–भाषा/29/76 –2993 दिनांक 21–12–12 की प्रतिलिपिः–

विषयः– हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में देखने का कष्ट करें। दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ स्थानीय निकायों के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के प्रति प्रेरित करने तथा हिन्दी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों के समाधान के लिये भाषा विभाग दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करता है जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है।

सूचित किया जाता है कि आपके कार्यालय में दिनांक 28–01–13 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला के आयोजन के लिये स्थान इत्यादि की व्यवस्था करते हुये अपने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आयोजित की जाने वाली हिन्दी कार्यशाला में भाग लेने के लिये आवश्यक निदेश देने का कष्ट करें। कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला समाप्त होने के बाद हिन्दी में कार्य करने के लिये एक–एक सहायक पुस्तक/कोश तथा प्रशस्ति–पत्र भी दिया जायेगा। **आपके स्तर पर स्थान, ब्लैक बोर्ड एवं चॉक की व्यवस्था अनिवार्य है।**

कृपया हिन्दी कार्यशालाओं को प्राथमिकता दें क्योंकि इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाती है।

भवदीय,
ह0/–
(सुरेश कुमार शर्मा)
हिन्दी अधिकारी
फोन–23392348/55

दिल्ली परिवहन निगम

(रा0 रा0 क्षेत्र दिल्ली सरकार)

इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–2

हिन्दी अनुभाग (मुख्यालय)

सं0–हिं0अनु0–31 (1)/हिं0का0शा0/13/04 दिनांक 09–1–13

दिल्ली सरकार के भाषा विभाग द्वारा हिन्दी अनुभाग(मुख्यालय) में **दिनांक 28–1–2013 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक हिन्दी कार्यशाला** का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेने का कष्ट करें साथ ही सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इच्छुक कर्मचारियों को कार्यशाला में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर ली गई है।

ह0/–
(जय भगवान)
प्रबन्धक(प्रशासन)

सभी अधिकारी एवं अनुभाग
सभी नोटिस बोर्ड

प्रतिलिपिः– ***हिन्दी अधिकारी,*** *भाषा विभाग, रा0रा0 क्षेत्र दिल्ली सरकार, सी–विंग,सातवां तल, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002 को उनके पत्र सं0–* फा.सं0 05(01)/2012–13–भाषा/29/76 –2993 दिनांक 21–12–12 *के संदर्भ में सूचनार्थ प्रस्तुत।*

दिल्ली परिवहन निगम
(रा0 रा0 क्षेत्र दिल्ली सरकार)
इन्द्रप्रस्थ एस्टेट : नई दिल्ली–2

संख्या–रा0भा0वि0–14(1)/हिं0प्रो0प्रतियो0/2013/25 दिनांकः 22–02–2013

विषयः– हिन्दी टिप्पण –आलेखन प्रोत्साहन प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) 2012–13 का परिणाम।

उपर्युक्त विषयक प्रतियोगिता में आपके यूनिट के जिन कर्मचारियों ने नकद पुरस्कार प्राप्त किये हैं, उनका विवरण निम्नप्रकार है:––

कम सं0	नाम	पदनाम	पुरस्कार राशि
1	श्रीमती राजबाला	आशुलिपिक	प्रोत्साहन रू0 400/–
2	श्री राम किशोर	संवाहक	प्रोत्साहन रू0 400/–
3	श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता	संवाहक	प्रोत्साहन रू0 400/–

उपरोक्त कर्मचारियों को दिनांक 28–02–2012 को सायं 3.00 बजे, मुख्य सभागार, दिस्ल्ली सचिवालय में पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

सम्बंधित जानकारी सम्बंधित विभाग की वैबसाइट www.artandculture. delhigovt. nic.in पर भी देखी जा सकती है।

डिपो प्रबन्धक, इन्द्रप्रस्थ डिपो से अनुरोध है कि पुरस्कार वितरण समारोह की जानकारी उपरोक्त कर्मचारियों को यथा समय देने का कष्ट करें।

ह0/–
(जय भगवान)
प्रबन्धक (प्रशासन)

डिपो प्रबन्धक,
इन्द्रप्रस्थ डिपो